# जन सुनवाई कार्यवाही विवरण

मैसर्स श्री लक्ष्मीनारायण स्वामी प्रस्तावित चाइना क्ले प्रस्तावित खनन परियोजना मय कलस्टर **संदर्भ संख्या** 20211000040422 (प्रस्तावित) उत्पादन क्षमता – 48225 टीपीए क्षेत्रफल 1.3139 हेक्टेयर, एवं (अन्य मौजूदा खनन पट्टा संख्या 58 / 2018 (मौजूदा) उत्पादन क्षमता –46500 टीपीए क्षेत्रफल 1.5584 हेक्टेयर और खनन पट्टा संख्या 48 / 2018 (मौजूदा) उत्पादन क्षमता –60000 टीपीए क्षेत्रफल 1.6900 हेक्टेयर और खनन पट्टा संख्या 12 / 2018 (मौजूदा) उत्पादन क्षमता – 35000 टीपीए क्षेत्रफल 1.0182 और खनन पट्टा संख्या 56 / 2018 (मौजूदा) उत्पादन क्षमता – 30000 टीपीए क्षेत्रफल 1.1300 और खनन पट्टा संख्या 55 / 2018(मौजूदा) उत्पादन क्षमता – 40000 टीपीए क्षेत्रफल 1.6300 )कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता – 259725 कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 8.3405 हेक्टेयर , **निकटवर्ती - गांव बोड़वा तहसील – जायल – नागौर (राजस्थान)** में पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु उप खंड अधिकारी, जायल नागौर की अध्यक्षता दिनांक 14.02.2022 को 12:00 बजे स्थान– **भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र (आई टी ) ग्राम – बोड़वा तहसील – जायल, जिला – नागौर (राजस्थान)** में आयोजित जन सुनवाई की कार्यवाही का विवरण :–

वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अधिसूचना दिनांक 14.09.2006 के अनुसरण में कार्यालय जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, नागौर के पत्र क्रमांक न्याय / प्रदूषण / ज.सु.2022 / 79 दिनांक 04.01.23 एवं क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान प्रदूषण नियंत्रण मंडल, नागौर के पत्र क्रमांक राप्रनिम / आरओ–नागौर / पी.यू.बी. – 141 / 1873–1877 दिनांक 06.01.2023 के अनुपालना में मैसर्स श्री लक्ष्मीनारायण स्वामी **प्रस्तावित चाइना क्ले क्लस्टर माइनिंग प्रोजेक्ट** खनन मय कलस्टर परियोजना **संदर्भ संख्या** 20211000040422 (प्रस्तावित) उत्पादन क्षमता – 48225 टीपीए क्षेत्रफल 1.3139 हेक्टेयर, **संदर्भ संख्या** (मौजूदा खनन पट्टा संख्या 58 / 2018 (मौजूदा) उत्पादन क्षमता –46500 टीपीए क्षेत्रफल 1.5584 हेक्टेयर और खनन पट्टा संख्या 48 / 2018 (मौजूदा) उत्पादन क्षमता –60000 टीपीए क्षेत्रफल 1.6900 हेक्टेयर और खनन पट्टा संख्या 12 / 2018 (मौजूदा)

उत्पादन क्षमता – 35000 टीपीए क्षेत्रफल 1.0182 और खनन पट्टा संख्या 56/2018 (मौजूदा) उत्पादन क्षमता – 30000 टीपीए क्षेत्रफल 1.1300 और खनन पट्टा संख्या 55/2018 (मौजूदा) उत्पादन क्षमता – 40000 टीपीए क्षेत्रफल 1.6300 कुल क्लस्टर उत्पादन क्षमता – 259725 कुल क्लस्टर क्षेत्रफल 8.3405 हेक्टेयर, निकटवर्ती – गांव **बोड़वा तहसील – जायल – नागौर** (राजस्थान) पर्यावरणीय स्वीकृति बाबत् लोक जन सुनवाई दिनांक **14.02.2022** को 12:00 बजे स्थान – भारत निर्माण राजीव गांधी केन्द्र ग्राम (आईटी) बोड़वा तहसील जायल जिला नागौर (राजस्थान) को आयोजित की गई। जन सुनवाई में उपस्थित सभी व्यक्तियों का विवरण मय हस्ताक्षर **परिशिष्ट संख्या 01** पर संलग्न है। उक्त जनसुनवाई के लिए नियमानुसार 30 दिवस पूर्व आम सूचना राष्ट्रीय समाचार पत्र के **राजस्थान** पत्रिका संस्करण में दिनांक 07.01.2023 एवं स्थानीय समाचार पत्र **दैनिक ढोलामारु** के संस्करण में दिनांक 07.01.2023 को **प्रकाशित** करवा दी गई थी जिसकी प्रति **परिशिष्ट संख्या** 02 पर संलग्न है।

जनसुनवाई के प्रारम्भ में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के क्षेत्रीय अधिकारी श्रीमती सविता ने सभी आंगतुकों का स्वागत किया तथा बताया कि यह जनसुनवाई पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली, भारत सरकार द्वारा जारी पर्यावरणीय प्रभाव आंकलन अधिसूचना (EIA Notification) दिनांक 14.09.2006 एवं **संसोधित** अधिसूचना दिनांक 01.12.2009 एवं **संशोधित** प्रावधानों के अनुरूप राजस्थान राज्य प्रदूशण नियन्त्रण मण्डल, नागौर. के तत्वाधान में आयोजित की जा रही है। तत्पश्चात श्री **ओमप्रकाश वर्मा**, **उप खंड अधिकारी** , जायल **नागौर राजस्थान** की अनुमति से जनसुनवाई प्रारम्भ की गई।

श्रीमती सविता, क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, नागौर ने जनसुनवाई के प्रावधान, उदेद्श्य एवं महत्व तथा प्रस्तावित परियोजना के बारे में जानकारी दी एवं परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी देने हेतु पर्यावरणीय सलाहकार को जनसुनवाई के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं ग्रामवासियों/व्यक्तियों को प्रस्तावित खनन परियोजना के बारे में विस्तार से अवगत कराने बाबत् आमंत्रित किया।

परियोजना प्रबंधक की ओर से खनन परियोजना के पर्यावरणीय सलाहकार द्वारा पावर पोंइट प्रजेन्टेशन के माध्यम से जनसुनवाई के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं ग्रामवासियों

परियोजना प्रबंधक की ओर से खनन परियोजना के पर्यावरणीय सलाहकार द्वारा पावर पोंइट प्रजेन्टेशन के माध्यम से जनसुनवाई के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं ग्रामवासियों /व्यक्तियों को विस्तृत जानकारी दी। खनन परियोजना के सम्बन्ध में, कलस्टर प्रमाण पत्र एवं नक्शा जानकारी, परियोजना की स्थिति, लोकेशन मैप, खनन पट्‌टे की गूगल इमेजनरी, परियोजना की प्रमुख विशेषताएं, परियोजना का विवरण, क्षेत्र की पर्यावरणीय स्थिति का विवरण, परिवहनभार, पर्यावरण संरक्षण उपाय, खनन की समय सीमा समाप्ति पर भूमि का उपयोग, पर्यावरण प्रबंधन के साथ हरित पट्‌टिका का विकास, पर्यावरण प्रबंधन योजना (वायु, जल, ध्वनि, ठोस अपशिष्ठ गुणवत्ता प्रबंधन,) व्यवसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, श्रमिक कल्याण हेतु प्रस्तावित कार्य से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया खनन योजना के दौरान ऑवर बर्डन के रूप निकलने वाले अपशिष्ट को अनुमोदित माइनिंग प्लान के अनुसार इकट्‌ठा किया जायेगा एवं वृक्षारोपण द्वारा स्थिर किया जायेगा, साथ ही पर्यावरण संरक्षण की प्राथमिकता को ध्यान में रखते हुए प्रस्तावित खनन परियोजना से होने वाले प्रदूषण, उसके प्रबंधन तथा मण्डल मानकों के अनुरूप रोकथाम करने के प्रस्तावित प्रयासों से अवगत कराया। साथ ही वृक्षारोपण, कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सी.एस.आर.), व्यवसायिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के सम्बन्ध में भी जानकारी दी गई।

श्रीमती सविता, क्षेत्रीय अधिकारी, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, नागौर एवं **श्री ओमप्रकाश वर्मा, उप खंड अधिकार** , जायल **नागौर** की ओर से जनसुनवाई में उपस्थित लोगों को प्रस्तावित परियोजना बाबत् सुझाव/आक्षेप/प्रश्न/शिकायत हेतु एक–एक कर अपना नाम, गांव का नाम व पता बता कर अपनी बात कहने के लिये आमंत्रित किया। उप खंड अधिकारी महोदय ने जनसुनवाई में उपस्थित लोगों को बताया कि आप सभी ने परियोजना प्रस्तावक द्वारा प्रोजेक्ट के बारे में जो भी बताया है आपकी तरफ से जो भी आपेक्ष/सुझाव हो उसका जवाब दिया जायेगा।

उपखण्ड जिला अधिकारी महोदय द्वारा गांव वालों को खान से कोई आपत्ति के बारें में पूछा तथा बताया की अगर कोई समस्या हो तो आप लिखित में भी अपना सुझाव दे सकते है।

उपखण्ड जिला अधिकारी ने बताया की खान होने से सुविधा भी होगी तो असुविधा भी होगी और गांव वालों से बार–बार पूछा की किसी सुझाव और अगर कोई आपत्ति हो तो बताए।

अतं में गांव वालों के खान के बार मे कोई आपत्ति नहीं है बताया और कहा हमे इस खान से कोई दिक्कत नहीं है और खान आएगी तो रोजगार ही बढ़ेगा गांव का विकास होगा।

जनसनुवाई से पहले, दौरान एवं जनसुनवाई के पश्चात उक्त खनन परियोजना से संबंधित कोई भी सुझाव/ अभ्यावेदन/प्रार्थना पत्र लिखित में प्राप्त नहीं हुए है।

अन्त में क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा जनसुनवाई के दौरान ग्रामवासियों /व्यक्तियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद के साथ **श्री ओमप्रकाश वर्मा, उप खंड अधिकारी**, जायल **नागौर** की अनुमति से पर्यावरणीय जनसुनवाई की समाप्ति की घोषणा के साथ जन–सुनवाई की कार्यवाही सम्पन्न की गई।

जन सुनवाई की विडियो रिकॉर्डिंग व सी.डी. संलग्न है।

श्री ओमप्रकाश वर्मा
उप खंड अधिकारी
जायल, नागौर (राज.)
(राज.)
उपखण्ड अधिकारी
जायल, जिला नागौर

श्रीमती सविता
क्षेत्रीय अधिकारी
राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल नागौर,

# उपस्थिति पत्रक

मै. श्री लक्ष्मीनारायण स्वामी, गांव–बोड़वा, तहसील– जायल, जिला–नागौर के "चाइना क्ले माइनिंग क्लस्टर (एम.एल. नं. 48/2018, 56/2018, 58/2018, 12/2018 and 55/2018, Ref. no. 20211000040422), कुल क्लस्टर क्षेत्र 8.3405 हेक्टेयर, कुल अनुमानित क्लस्टर उत्पादन क्षमता 2,59,725 TPA(ROM)" आवेदित अनुमानित उत्पादन क्षमता 48225 TPA(ROM), आवेदित क्षेत्रफल– 1.3139 हेक्टेयर, Ref. no. 20211000040422, की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई ।

स्थान :– भारत निर्माण राजीव गाँधी सेवा केन्द्र (आई.टी. सेन्टर) गाँव– बोड़वा, तहसील–जायल, जिला–नागौर

जिला :– नागौर।

दिनांक :–14.02.2023

समय :–दोपहर 12:00 बजे से

| क्र.स. | नाम व पता | मोबाईल नम्बर | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|
| 1. | Savita Choudhary. Regional officer, RSPCB, Nagaur | 99834-11222 | [signature] |
| 2. | Omprakash Verma SDO Jayal | 9460166117 | [signature] |
| 3. | Tejraj Chara, A.E.E., RSPCB, Nagaur | 9549020647 | [signature] |
| 4. | Pancharam, Sarpanch Village Borwa | 9680483488 | पंचाराम |
| 5. | Ram Prakash Didel Patwari Borwa | 8561886494 | [signature] |
| 6. | Ankit Katiyar PEES Consultant | 8233887382 | [signature] |
| 7. | Abhishek Sharma, PEES Consultant | 9602741301 | [signature] |
| 8. | LAXMI NARAYAN SWAMI Surajpura lease owner | 9610611223 | [signature] |
| 9. | बी.डी.ओ. | | सगराम |
| 10. | प्रकाश जलवाणियाँ (बोड़वा) | 8529843301 | [signature] |
| 11. | रामस्वरूप (बोड़वा) | 8529404441 | [signature] |
| 12. | नवीन जलवाणियाँ (बोड़वा) | 9521112019 | [signature] |
| 13. | पुखराज ईनाणिया | 9571913217 | पुखराज |
| 14. | इन्द्रेश मंगवाल | 9844967437 | इन्द्रेश |

# उपस्थिति पत्रक

मै. श्री लक्ष्मीनारायण स्वामी, गांव–बोड़वा, तहसील– जायल, जिला–नागौर के "चाइना क्ले माइनिंग क्लस्टर (एम.एल. 48/2018, 56/2018, 58/2018, 12/2018 and 55/2018, Ref. no. 20211000040422), कुल क्लस्टर क्षेत्र 8.3405 हेक्टेयर, कुल अनुमानित क्लस्टर उत्पादन क्षमता 2,59,725 TPA(ROM)" आवेदित अनुमानित उत्पादन क्षमता 48225 TPA(ROM), आवेदित क्षेत्रफल– 1.3139 हेक्टेयर, Ref. no. 20211000040422, की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई ।

स्थान :– भारत निर्माण राजीव गाँधी सेवा केन्द्र (आई.टी. सेन्टर) गाँव– बोड़वा, तहसील–जायल, जिला–नागौर

जिला :– नागौर।

दिनांक :–14.02.2023

समय :–दोपहर 12:00 बजे से

| | | | |
|---|---|---|---|
| 15. | दीनाराम बोड़वा | 9116452251 | दीनाराम |
| 16. | केलाश बोड़वा | 9799174894 | केलाश |
| 17. | कानाराम | 9829885169 | |
| 18. | सिकन्दर खान | 8740927746 | |
| 19. | दुर्गाराम | 8875677564 | [signature] |
| 20. | महावीर | 8619609482 | |
| 21. | धी सूरखां | — | धी सूरखां |
| 22. | जगराम घेरेश्वा | 9784037988 | जगराम |
| 23. | हेमंत चौधरी | 7014545601 | [signature] |
| 24. | H.R Chodhry | 9057044142 | [signature] |
| 25. | Virender Singh (Case Cong | 8003513523 | [signature] |
| 26. | Jhumar Ram | 9509000047 | झुमरराम |
| 27. | Oma Dogiwal | 9024722691 | ओमप्रकाश |
| 28. | omprakash | 9269191644 | [signature] |

# उपस्थिति पत्रक

मै. श्री लक्ष्मीनारायण स्वामी, गांव–बोड़वा, तहसील– जायल, जिला–नागौर के "चाइना क्ले माइनिंग क्लस्टर (एम.एल. 48/2018, 56/2018, 58/2018, 12/2018 and 55/2018, Ref. no. 20211000040422), कुल क्लस्टर क्षेत्र 8.3405 हेक्टेयर, (कु)ल अनुमानित क्लस्टर उत्पादन क्षमता 2,59,725 TPA(ROM)" आवेदित अनुमानित उत्पादन क्षमता 48225 TPA(ROM), (आ)वेदित क्षेत्रफल– 1.3139 हेक्टेयर, Ref. no. 20211000040422, की पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई ।

स्थान :– भारत निर्माण राजीव गाँधी सेवा केन्द्र (आई.टी. सेन्टर) गाँव– बोड़वा, तहसील–जायल, जिला–नागौर

जिला :– नागौर।

दिनांक :–14.02.2023

समय :–दोपहर 12:00 बजे से

| | | | |
|---|---|---|---|
| 29. | अशोक बोड़वा | 9950134594 | Ashok |
| 30. | | | |
| 31. | | | |
| 32. | | | |
| 33. | | | |
| 34. | | | |
| 35. | | | |
| 36. | | | |
| 37. | | | |
| 38. | | | |
| 39. | | | |
| 40. | | | |
| 41. | | | |
| 42. | | | |



# गांव चारणावास के किसानों द्वारा बिजली घर का घेराव

## एईएन डेगाना को बिजली कटौती के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

ढोलामारू न्यूज

डेगाना । गांव चारणावास के किसानो द्वारा बिजली कटौती को लेकर शुक्रवार को बिजलीघर डेगाना में घेराव किया। और गावो मे रात ओर दिन काटी जा रही बिजली सप्लाई के विरोध मे एईएन ओपी बाना के नाम जईएन मधुर जैन को ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेता रतनलाल बुगालिया ने जानकारी देकर बताया कि ग्राम पंचायत कितलसर के गांव चारणावास मे विधुत विभाग द्वारा अघोषित बिजली को लेकर किसान को भारी परेशानी हो रही है। किसान को छः घण्टे बिजली देने का राज्य सरकार का प्रावधान है लेकिन विधुत विभाग द्वारा कई बार ट्रिप कर कर के तीन चार घण्टे ही बिजली की सप्लाई दी जा रही है। जिससे किसान की फसल चोपट होने की कगार पर है। किसान मे भारी आक्रोश है। यदि यही हाल रहा तो परेशान किसान जीएसएस के ताले लगाने को मजबूर हो जाएगे जिसके जिम्मेदार विधुत विभाग होगा। अतः विधुत विभाग के अधिकारी से ज्ञापन देकर किसानों को नियमित रूप से पूरी बिजली की सप्लाई देने की माग की। ज्ञापन मे बताया कि गावो मे घरेलु बिजली भी दिन मे दो चार घण्टे ही दी जा रही है। इस प्रकार असमान बिजली सप्लाई पर अधिकारियों की लापरवाही का आरोप लगाया। इस अवसर पर पृथ्वीसिंह चारण, गिरधारीलाल, ओमप्रकाश, रमेश, मान सिंह, सुखाराम, भरत, सुरेश, खेमा राम, मगलाराम, तुलसीराम, व बीरमाराम आदि किसान मौजूद रहे।





# स्कूल के विद्यार्थियों में ऑन जॉबट्रेनिंग में प्रशिक्षण प्राप्त किया

ढोलामारू न्यूज

मेड़तासिटी।मेड़ता स्थानीय राजकीय बालिका उच्च माध्य विद्यालय में व्यावसायिक शिक्षा के अन्तर्गत कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों के लिए ऑन जाब ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। प्रभारी रवीन्द्र ने बताया कि व्यवसायिक शिक्षा अन्तर्गत राज्य सरकार द्वारा कक्षा 11 व 12 मे कुल 80 घंटे ऑन जॉब ट्रेनिंग का प्रावधान है। इस क्रम शीतकालीन अवकाश में कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों के लिए 10 दिवसीय ऑन जॉब ट्रेनिंग प्रदान की गई। विद्यालय मे संचालित ब्यूटी एंड वैसनेस ,हेल्थ केयर के विद्यार्थियों हेतु ऑन जॉब ट्रेनिंग आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य तारा मिश्रा,रविंद्र, वी टी नुपुर वर्मा, समीरा बानो उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत स्तर पर हुई जनसुनवाई

दीपेन्द्र सिंह राठौड़, ढोलामारू न्यूज

पादूकला। कस्बे के भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र पर गुरुवार को जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे सभी विभागों से संबंधित ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजन हुआ। जिसमें लोगों की सभी तरीके की समस्याओ को ग्राम पंचायत स्तर पर सुना गया। इस दौरान लोग अपनी समस्या लेकर जनसुनवाई सभा में पहुंचे। ग्राम विकास अधिकारी रमेशचंद मीणा ने बताया कि जनसुनवाई में 5 शिकायतें मिली जिनमें 1 जलदाय विभाग, 1कृषि विभाग 1विद्युत विभाग 02 पंचायत राज से सम्बंधित थी। इसमें से पंचायत राज की समस्या का मौके पर ही समाधान किया गया। मौके पर दो समस्या का निस्तारण किया गया तीन लंबित परिवेदनाऐ जनसुनवाई में ग्राम विकास अधिकारी मीणा ने कहा कि आमजन की मिली शिकायतों का त्वरित गति से निराकरण कर आमजन को राहत पहुंचाए।

## सर्दी का कहर

# खेतों में फसलों पर जमी बर्फ सरसों का नुकसान पानी के पाइप और फंव्वारों पर भी जमी बर्फ

मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी फसलों पर बर्फ जमने लगी है ऐसे में पाले की आशंका बढ़ गई हालांकि कोहरा छाए रहने से फसलों में फायदा है लेकिन बर्फ जमने के कारण नुकसान की संभावना है



ढोलामारू न्यूज

कुचामनसिटी। क्षेत्र में इन दिनों सर्दी का असर लगातार बढ़ रहा है फसलों पर बर्फ जम गई है इससे फसलों में नुकसान की आशंका काफी बढ़ गई है वहीं हाड़ कंपाने वाली सर्दी का दौर जारी है लगातार बढ़ रही सर्दी के कारण हालात यह है कि शुक्रवार को सुबह खेतों में खड़ी फसलों के पत्तों पर बर्फ जमी नजर आई धूप निकलने के बाद पत्तों पर जमी बर्फ पिघल गई इसके बाद दिन भर धूप खिली रही बाजारों में भी ठंड का असर दिखना शुरू हुआ दिन में भी लोग गर्म कपड़े पहन कर आते जाते दिखाई दिए किसान पारसाराम मूर्छासिंह, हरिराम महला, कृपाराम बिजारणियां, किसनाराम बाजड़ा आदि किसानों का कहना है कि सर्दी का सितम लगातार बढ़ रहा है खेतों में खड़ी फसलों पर सुबह के समय बर्फ जमी रहती है खेतों में पानी के पाइप और फव्वारों पर भी बर्फ जमी रहती है ठंड की जकड़न अब बढ़ने लगी है जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो रहा है इन दिनों सर्दी का असर अधिक रहा है जिसके चलते कई जगह खेतों में खड़ी फसलों पर बर्फ जम गई फसलों की पत्तियों पर ओस की बूंदें बर्फ में तब्दील हो गई जिस कारण बर्फ जमने वाली ठंड का असर सबसे अधिक चना सरसों व सब्जी की फसल पर पड़ रहा है अगेती फसलों में सबसे अधिक नुकसान की संभावना जताई जा रही है किसानों के अनुसार मौसम ने किसानों की चिंता बढ़ा दी फसलों पर बर्फ जमने लगी है ऐसे में पाले की आशंका बढ़ गई है जिससे किसानों की चिंता भी बढ़ गई पाले से फसलों को नुकसान होने की आशंका है हालांकि कोहरा छाए रहने से फसलों में फायदा है लेकिन बर्फ जमने के कारण सबसे अधिक चना सरसों तारा और अन्य अगेती फसलों में नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है अधिक नुकसान की आशंका को लेकर किसान चिंतित है।



# वीर तेजा चौक के व्यापार मंडल ने मनाया पौषबड़ा महोत्सव

ढोलामारू न्यूज

मेड़तासिटी। वीर तेजा चौक व्यापार मंडल घोसीवाड़ा की ओर से पोशबड़ा महोत्सव का आयोजन किया जा था है। महोत्सव के तहत गाय,स्वान सहित पशुओ के लिए गर्मा गर्म पकोड़े तल कर खिलाया जा रहे है। व्यापारी कैलाश चौधरी ने बताया कि यह पिछले तीन दिनों से चल रहा है और मकर सक्रांति तक चलाने की योजना है। भामाशाह व्यापारियों से सहयोग हेतु अपील भी की। रामप्रकाश चौधरी,कैलाश जांगिड़,रविंद्र भारती,घनश्याम दाधीच,दीपक लाहोटी,रामकिशोर प्रजापत,रामकुआर कमेडिया,बबलू शर्मा,नाथूराम भारनंगा सहित अनेक व्यापारी इस सेवा में लगे हुए है।

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन

## पंजीकृत मतदाता कर सकते है ई-कार्ड डाउनलोड

ढोलामारू न्यूज

नागौर। मुख्य निर्वाचन अधिकारी निर्वाचन विभाग राजस्थान के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 के तहत जिले की समस्त 10 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन दिनांक 05 जनवरी को किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मोहनलाल खटनावलिया ने बताया कि जिले के समस्त 10 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की **अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूचियों में कुल 2629141** (पुरूष मतदाताओं की संख्या 1361891 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 1267250) मतदाता पंजीकृत है साथ ही इस कार्य के दौरान मृत/दोहरी/मिसिंग/स्थानान्तरित मतदाताओं के नाम भी पृथक किए गये है। उन्होंने बताया कि एसएसआर-2023 अभियान के तहत नागौर जिले की समस्त 10 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में बीएलओ एवं निर्वाचन टीम द्वारा घर-घर सर्वे कर युवाओं के नये नाम जोड़े गये है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि एकीकृत मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन 05 जनवरी के पश्चात 17 वर्ष आयुवर्ग के ऐसे युवा मतदाता जो अर्हता दिनांक 1 अप्रैल, 1 जुलाई तथा 1 अक्टूबर **2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहें है, उन सभी पात्र मतदाताओं से सतत् प्रक्रिया के** तहत प्रारूप-6 मे अग्रिम आवेदन प्राप्त किये जाएगे एव जिन 17 वर्ष आयुवर्ग के मतदाताओं के आवेदन इस अभियान के दौरान प्राप्त हुए है, उनके नाम मतदाता सूचियों मे निर्धारित अवधि को मतदाता सूचियों मे स्वत: ही जोड़े जायेंगे। उप निर्वाचन अधिकारी खटनावलिया ने बताया कि अंतिम प्रकाशित मतदाता सूचियों में लिंगानुपात 924 से बढ़कर 931 तथा मतदाता जनसंख्या अनुपात 650 से बढ़कर 675 हो गया है। उन्होंने बताया कि नागौर जिले के समस्त 10 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाताओ से अनुरोध है कि वे एसएसआर-2023 को अंतिम रूप से प्रकाशित मतदाता सूची (फोटो रहित) को प्रत्येक **विधानसभा की बूथवार विभागीय से डाउनलोड कर सकते है। तथा इस वर्ष नव पंजीकृत मतदाता** अपना ई-ईपीएक कार्ड पद से भी डाउनलोड कर सकते है। मतदाता स्वयं या बीएलओ से सम्पर्क करके भी एनवीएसपी पोर्टल से ई-ईपीएक कार्ड को डाउनलोड कर सकते है।

# पूर्व विधायक हरीश कुमावत ने उपखंड कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर राजकीय चिकित्सालय के निर्माण को लेकर कराई आपत्ति दर्ज

## चिकित्सालय का निर्माण लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम के स्थान पर अन्यत्र स्थान पर निर्माण करवाने करी मांग

ढोलामारू न्यूज

नावांसिटी।पूर्व विधायक व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष हरीश कुमावत ने उपखण्ड कार्यालय पहुचकर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम मे उप चिकित्सालय निर्माण किए जाने को लेकर पत्र के माध्यम से आपत्ति दर्ज कराइ है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि नावा शहर मे बड़ा राजकीय चिकित्साल के निर्माण **हेतु राजकीय स्वीकृति सरकार द्वारा दी गई है। अच्छी बात है परन्तु** उसका निर्माण नावा शहर के एकमात्र स्टेडियम मे निर्माण कराना उपयुक्त नही है। राज्य सरकार वर्तमान मे स्पोर्टस को प्रोत्साहित कर रही है जो आवश्यक है उस स्थान पर यह निर्माण नही किया जाना चाहिये। राजकीय चिकित्सालय वर्तमान मे जहां है वही पर अण्डरग्राउण्ड पार्किंग निर्माण कर उस पर बड़ा राजकीय चिकित्सालय निर्माण कराया जा सकता है वहा स्थान भी पर्याप्त है। उस स्थान को व्यवस्थित करने की आवश्यकता है। नावा मे दानदाताओ की कमी नही है प्रयत्न करने पर प्रस्तावित निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध हो सकती है। महासुख बियाणी राजकीय महिला सिनीयर सैकण्डरी विद्यालय के पास बियाणी परिवार की भूमि उपलब्ध है। उनसे आग्रह कर इस पवित्र कार्य के लिए भूमि प्राप्त की जा सकती है। स्वर्गीय रामदेव लड्ढा परिवार जिन्होंने नावा मे सुन्दर राजकीय महाविद्यालय का निर्माण कराया है।



नावा की रेलवे लाईन पर निर्मित पुलिया के पास उस परिवार की भूमि भी उपलब्ध है। इस पवित्र कार्य के लिए भी उन्हे आग्रह कर भूमि प्राप्त की जा सकती है। पुरानी रेल्वे स्टेशन रोड़ पर भूत परिवार द्वारा राजकीय विद्यालय निर्माण कराई गई थी। जो अब संचालित नही है वहा भी पर्याप्त भूमि उपलब्ध है जो अब राजकीय प्रोपर्टी है वहा भी प्रस्तावित राजकीय चिकित्सालय निर्माण कराया जा सकता है। इससे उस क्षेत्र का विकास भी होगा यह स्थान मुख्य सड़क पर है। वहा भी कोई दिक्कत नही है। इस प्रकार अन्यत्र स्थान के लिये प्रयत्न किये बिना ही वर्तमान नावा के एकमात्र स्टेडियम को समाप्त करना उचित नही है। राजकीय चिकित्सालय सरकारी बजट से बनेगा भूमि दानदाता द्वारा दी जाने वाली भूमि के लिये उसकी इच्छा अनुसार नामकरण दिया जा सकता है उन्होंने सरकार से मांग की है कि प्रस्तावित चिकित्सालय का निर्माण उपर दिये गये सुझावों के अनुसार अन्यत्र स्थान पर किया जाये। स्टेडियम के निर्माण के लिए नावा शहर वासियों को आपत्ति उचित है।

# थांवला बस स्टैण्ड के उदघाटन में महामण्डलेश्वर करेगें कामधेनु सेना जिलाउपाध्यक्ष शैलेन्द्र उपाध्याय को लम्पी योध्दा से सम्मानित

ढोलामारू. न्यूज



थांवला।कामधेनु सेना के जिलाउपाध्यक्ष शैलेन्द्र उपाध्याय ने बताया कि बस स्टैण्ड थांवला कार्यक्रम में कामधेनु सेना संस्थापक श्री श्री 1008 महामण्डलेश्वर स्वामी कुशालगिरी जी महाराज के सानिध्य में आयोजित होने जा रहा है। जिसमे महामण्डलेश्वर द्वारा बस स्टैण्ड का फीता काटकर उदघाटन करेगे व गोहितार्थ कार्यों संक्षिप्त जानकारी बतायेगें और आसपास के सक्रिय कामधेनु सैनिको का सम्मान किया जायेगा । इस कार्यक्रम के प्रति कामधेनु सैनिकों, गौभक्तों व ग्रामीणों काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

# कड़ाके की ठंड से जनजीवन प्रभावित हुआ

ढोलामारू न्यूज

पादूकला। कस्बे सहित आस पास के गांवो में गत चार सात दिनों से कड़ाके की ठंड से जन जीवन प्रभावित हुआ है। दिन चढ़ते के साथ भी ठंड से राहत नही मिली । सर्दी के सितम व शीतलहर से जनजीवन अस्त व्यस्त है इसका असर बाजार पर देखने को मिल रहा है लोग जरूरी कामकाज निपटाने के लिए जरा से निकल रहे है हवाओ से तापमान मे आई गिरावट जिससे क्षेत्र में सर्दी बढ़ गई है हवाओ के चलते लोग अलाव का सहारा लेते नजर आए । कड़ाके की ठंड के चलते तड़के सुबह कोहरा छाया हुआ नजर आया वाहन चालक अपने हेड लाइट जला कर हेड लाइट के सहारे गुजरते हुए वाहन पादूकला मे निकलने वाले अजमेर बीकानेर नेशनल हाईवे 89पर भी हल्की धुंध और कोहरे मे वाहनो की रफ्तार में कमी आई है वही 8बजे तक भी वाहन चालक वाहनो की हेड लाइट ऑन करके वाहन चलाते नजर आए ।

## मुंबई प्रवासी उद्योगपति के घर से 300 तोला सोना-चांदी के गहने चोरी करने वाले बदमाश गिरफ्तार

जालोर(वि.सं.)। रानीवाड़ा के पास जेतपुरा गांव में मुंबई प्रवासी प्रताप राजपुरोहित के घर से 300 तोला सोना व चांदी के गहने चोरी करने वाले छह बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गत 18 दिसंबर की रात यह वारदात हुई थी। पकड़े गए आरोपी अंतरराज्यीय नकबजन गिरोह के हैं।


## नाम परिवर्तन सूचना

मैं श्यामलाल पुत्र श्री रामदीन जाति जाट निवासी गंठिया यह घोषणा करता हूं कि मेरा सही नाम श्यामलाल है भूलवश मेरी पुत्री कोमल की स्कूल में मेरा नाम पिता के स्थान पर श्यामा राम दर्ज हो गया है जो गलत है मेरा सही नाम श्यामलाल है यही नाम मैं स्कूल में दर्ज करवाना चाहता हूं

श्याम लाल जाट

## कार्यालय नगरपालिका मण्डल, मेड़ता सिटी (नागौर)

टेलीफोन न. 01590-220012 ई-मेल-npmetracity@gmail.com

क्रमांकः न.पा.मे./ 4415 दिनांकः 06.01.2022

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेड़ता सिटी मे यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किये जाने हेतु एव आम को किसी प्रकार की कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए समस्त दूकान /बैंक/फर्म/कारखाना/सर्विस स्टेण्ड इत्यादि को सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 10.01.2023 से अपनी दूकान/बैंक/फर्म/कारखाना/सर्विस स्टेण्ड इत्यादि के बाहर अनावश्यक सामान रखकर व वाहन खड़ा करके अतिक्रमण कर रास्ता जाम नहीं करे, अन्यथा पालिका द्वारा दूकान/बैंक/फर्म/कारखाना/सर्विस स्टेण्ड के बाहर रखे सामान/वाहन को जब्त किया जावेगा जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित दूकान/बैंक/फर्म/कारखाना/सर्विस स्टेण्ड आदि की होगी सूचित रहें।

अधिशाषी अधिकारी

नगरपालिका मेड़ता सिटी

क्षेत्रीय कार्यालय

## राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

प्रथम चरण, सरकारी भूमि विकास बैंक, कॉलेज रोड, पुलिस लाइन के सामने, नागौर – 341001 (राज.), इ–मेल–rorpcb.nagaur@gmail.com

क्रमांक :–राप्रनिम / आरओ–नागौर / पी.यू.बी – 140 / 1872 दिनांक 06.01.2023

### पर्यावरणीय स्वीकृति समूह खनन परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आमसूचना

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चाइना क्ले क्लस्टर माइनिंग प्रोजेक्ट (एम.एल. न. 46/2016, 56/2016 and 55/2018, Ref. No. 20201000016112) कुल क्लस्टर क्षेत्र–6.0871 हेक्टेयर, कुल अनुमानित क्लस्टर उत्पादन क्षमता 2,47,938 TPA(ROM) आवेदक **श्री सकुन एप्लायन्स प्राईवेट लिमिटेड** (Ref. No. 20201000016112) क्षेत्र–1.6371 हेक्टेयर खसरा न.–914 अनुमानित खनन उत्पादन क्षमता 117936 TPA(ROM) गाव–बोड़वा, तहसील–जायल, जिला–नागौर से संबंधित प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना लोक सुनवाई हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहाँ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।
2. और चूंकि **श्री सकुन एप्लायन्स प्राईवेट लिमिटेड** ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मण्डल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 और एस.ओ. 141 ई दिनांक 15.01.2016 के प्रावधानों के अनुसरण मे जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है।
3. उक्त समूह खनन परियोजना से सम्बन्धित समूह EIA/EMP Report एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों मे अवलोकनार्थ उपलब्ध है –
   1. **जिला कलक्टर, नागौर।**
   2. **CEO जिला परिषद्, नागौर।**
   3. **राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय, 4–संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।**
   4. **पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।**
   5. **क्षेत्रीय कार्यालय, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, जयपुर।**
   6. **उपखण्ड अधिकारी, जायल।**
   7. **क्षेत्रीय प्रबन्धक, रिको, नागौर।**
   8. **जिला उद्योग केन्द्र, नागौर।**
   9. **ग्राम पंचायत, बोड़वा।**
   10. **भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र (आई.टी. सेन्टर) गांव–बोड़वा, तहसील–जायल, जिला–नागौर।**

अतः सर्वसाधारण को कार्यालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, नागौर के पत्र क्रमांक न्याय/प्रदूषण/ज.सु.2022/86 दिनांक 04.01.2023 के क्रम मे इस आम सूचना के माध्यम से एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त समूह खनन परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से संबंधित जन सुनवाई हेतु **दिनांक 14.02.2023 (मंगलवार) को प्रातः 11:00 बजे, स्थान–भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र (आई.टी. सेन्टर) गांव–बोड़वा, तहसील–जायल, जिला–नागौर** मे उपस्थित होकर अपने लिखित/मौखिक आक्षेप/सुझाव प्रस्तुत कर सकते है।

इस संबंध मे लिखित आक्षेप/सुझाव इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिवस के अन्दर क्षेत्रीय कार्यालय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, नागौर, जिला–नागौर को भी दिये जा सकते है। यह आम सूचना वैश्विक महामारी कोविड–19 से सम्बधित केन्द्रीय/राज्य सरकार द्वारा समय समय पर पारित निर्देशों के अनुरूप एवम् अधीन रहेगी तथा सभी प्रावधानों/सावधानियों की पालना सुनिश्चित करनी होगी।

भवदीय

(सविता)

क्षेत्रीय अधिकारी

क्षेत्रीय कार्यालय

## राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल

प्रथम चरण, सरकारी भूमि विकास बैंक, कॉलेज रोड, पुलिस लाइन के सामने, नागौर – 341001 (राज.), इ–मेल–rorpcb.nagaur@gmail.com

क्रमांक :–राप्रनिम / आरओ–नागौर / पी.यू.बी – 141 / 1878 दिनांक 06.01.2023

### पर्यावरणीय स्वीकृति समूह खनन परियोजना हेतु लोक सुनवाई के लिए आमसूचना

1. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चाइना क्ले क्लस्टर माइनिंग प्रोजेक्ट (एम.एल. न. 48/2016, 56/2016, 58/2016, 12/2016 and 55/2018, Ref. No. 20211000040422) कुल क्लस्टर क्षेत्र–6.3408 हेक्टेयर, कुल अनुमानित क्लस्टर उत्पादन क्षमता 2,59,725 TPA(ROM) आवेदक **श्री लक्ष्मीनारायण स्वामी** (Ref. No. 20211000040422) क्षेत्र–1.3139 हेक्टेयर खसरा न.–812, 1390/812 अनुमानित खनन उत्पादन क्षमता 48225 TPA(ROM) गांव–बोड़वा, तहसील–जायल, जिला–नागौर से संबंधित प्रार्थना पत्र मय दस्तावेज पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना लोक सुनवाई हेतु प्रस्ताव राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल (यहाँ तथा बाद में मण्डल के नाम से अभिलिखित) को प्रस्तुत किया गया है।
2. और चूंकि **श्री लक्ष्मीनारायण स्वामी** ने राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल को उक्त परियोजना की पर्यावरणीय स्वीकृति से पूर्व आवश्यक समूह खनन परियोजना की लोक सुनवाई हेतु मण्डल को आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त परियोजना हेतु वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.2006 और एस.ओ. 141 ई दिनांक 15.01.2016 के प्रावधानों के अनुसरण मे जन सुनवाई हेतु इस आशय की सूचना जारी कर 30 दिवस का नोटिस दिया जाना अनिवार्य है।
3. उक्त समूह खनन परियोजना से सम्बन्धित समूह EIA/EMP Report एवं संक्षिप्त कार्यपालक सार अभिलेख निम्न कार्यालयों मे अवलोकनार्थ उपलब्ध है
   1. **जिला कलक्टर, नागौर।**
   2. **CEO जिला परिषद्, नागौर।**
   3. **राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल, मुख्यालय, 4–संस्थानिक क्षेत्र, झालाना डूंगरी, जयपुर।**
   4. **पर्यावरण विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।**
   5. **क्षेत्रीय कार्यालय, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय, जयपुर।**
   6. **उपखण्ड अधिकारी, जायल।**
   7. **क्षेत्रीय प्रबन्धक, रिको, नागौर।**
